**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2652**
**04 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**नागालैंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना**

**2652. श्री तोखेहो येपथोमी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नागालैंड के मोन जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रगति का ब्यौरा क्या है;
(ख) सरकार द्वारा इस मेडिकल कॉलेज को धनराशि जारी करने की तारीख सहित आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा कया है; और
(ग) इसका काम कब तक पूरा होने और इसका संचालन कब तक शुरू होने की संभावना है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सम्बद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, जिसमें पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझा की जाती है। योजना के तहत, तीन चरणों में 157 मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है, जिसमें नगालैंड के कोहिमा और मोन में 02 मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, परियोजना की प्लानिंग, निष्पादन और प्रारंभ राज्य सरकार द्वारा किया जाना है।

योजना के चरण- III के तहत कोहिमा में सरकारी मेडिकल कॉलेज को 325 करोड़ की कुल स्वीकृत लागत पर मंजूरी दी गई थी और केंद्रीय हिस्से के कुल 292.50 करोड़ रुपये में से 242.50 करोड़ रुपये राज्य सरकार को पहले ही जारी किए जा चुके हैं। योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, परियोजना की प्लानिंग, कार्यान्वयन और प्रवर्तन राज्य सरकार द्वारा किया जाना है।

*****